कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 27.12.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

हैण्डबाल में गर्ल्स कॉलेज विजेता

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की महिला हैण्डबाल टीम ने सेक्टर स्तरीय अन्तर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता में विजेता रही।

महाविद्यालय की क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने बताया कि स्थानीय सेठ सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय द्वारा आयोजित सेक्टर स्तरीय अन्तर महाविद्यालयीन महिला हैण्डबाल प्रतियोगिता में शासकीय कन्या महाविद्यालय की टीम ने लीग आधार पर खेले गये सभी मैच में जीत हासिल की।

शासकीय कन्या महाविद्यालय की टीम ने शासकीय महाविद्यालय पाटन को 23–0 से, मनसा महाविद्यालय कोहका को 8–0 से तथा सुराना महाविद्यालय को 9–2 से परास्त कर सभी मैच एकतरफा जीत लिये।

इस टीम की कु. अदिति, कु. अर्चना, कु. पूनम तथा कु. सोनिया ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। टीम की कप्तान ए.अर्चना थी।

हैण्डबाल की इस टीम को ए. प्रिया राव ने प्रशिक्षित किया था तथा टीम की मैनेजर डॉ. ऋतु दुबे थी।

महाविद्यालय की टीम की सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी तथा प्राध्यापक डॉ. ऋचा ठाकुर, डॉ. सुषमा यादव, प्रोफेसर जागृत ठाकुर ने बधाई दी है।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)